प्रेस-नोट

भिवानी, 16 मई, 2023 : हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की फरवरी/मार्च 2023 में संचालित हुई सैकेण्डरी (शैक्षिक) नियमित परीक्षा का परिणाम 65.43 फीसदी रहा है तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परिणाम 52.13 फीसदी रहा है।

माननीय शिक्षामंत्री, हरियाणा सरकार ने बोर्ड की सीनियर सैकेण्डरी एवं सैकेण्डरी की वार्षिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उनके अभिभावकों को बधाई दी। आप सभी अपनी लगन से जीवन में हर इम्तिहान में यूं ही विजय प्राप्त करते रहें, ऐसा मेरा आशीर्वाद है। उन्होंने परीक्षाओं के सफल संचालन एंव कम समय में बेहतर परिणाम के लिए बोर्ड के अधिकारियों/कर्मचारियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

इस परीक्षा परिणाम की घोषणा बोर्ड अध्यक्ष डॉ० वी.पी.यादव एवं बोर्ड सचिव श्री कृष्ण कुमार, ह.प्र.से ने संयुक्त रूप से आज यहाँ बोर्ड मुख्यालय पर आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए की। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में 69.81 प्रतिशत कामयाब छात्राओं की तुलना में 61.41 प्रतिशत ही छात्र सफलता प्राप्त कर सके हैं। इस प्रकार छात्राओं ने छात्रों से 8.40 फीसदी ज्यादा पास प्रतिशतता दर्ज कर बढ़त हासिल की है। बोर्ड अध्यक्ष सचिव ने सभी छात्र छात्राओं को उनके बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए हार्दिक बधाई दी

उन्होंने आगे बताया कि इस परीक्षा में छात्र हिमेश, न्यू सन राईज सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, भुना, फतेहाबाद व वर्षा, संत बाबा घोघर पब्लिक स्कूल, सिकन्दरपुर माजरा, सोनीपत तथा सोनू, एनजेएम हाई स्कूल, बुसान, भिवानी ने 498 अंक अर्जित करके प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

छात्रा सिमरन, शान्ति महक पब्लिक स्कूल, बनावली, फतेहाबाद, दिपेश शर्मा, शान्ति पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, रेलवे रोड, पलवल व मानवी, टैगोर सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, नारनौंद, हिसार इन तीनों विद्यार्थियों ने 497 अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान हासिल किया है।

तृतीय स्थान छात्रा शिवानी शर्मा, राजकीय कन्या हाई स्कूल, कावी, पानीपत, स्वीटी कुमारी, न्यू हैवन मॉडल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, तिरखा कालोनी, फरीदाबाद, याशी, आदर्श सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, बसाना, रोहतक, मोन्टी, बाबा उदल देव पब्लिक स्कूल, मदनहेड़ी, हिसार, तमन्ना, आशादीप आदर्श हाई स्कूल, करहंस, पानीपत, दिपांशी, गीता विद्या मन्दिर हाई स्कूल, उचाना मंडी, जींद, रिया, शान्ति पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, रेलवे रोड, पलवल व ज्योति रानी, आनंद पब्लिक स्कूल, निगदू, करनाल ने 496 अंक अर्जित करके पाया है।

डॉ. यादव ने बताया कि परीक्षार्थी अपने परीक्षा परिणाम आज सायं से बोर्ड की वेबसाईट www.bseh.org.in पर देख सकते हैं।

अध्यक्ष ने बताया कि सैकेण्डरी (शैक्षिक) परीक्षा में 2,86,425 परीक्षार्थी प्रविष्ठ हुए थे, जिनमें से 1,87,401 उत्तीर्ण हुए, जिसमें से 37,342 परीक्षार्थियों के कम्पार्टमैंट आयी है तथा 61,682 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण रहें। इस परीक्षा में 1,49,439 छात्र बैठे थे, जिनमें 91,772 पास हुए तथा 1,36,986 प्रविष्ठ छात्राओं में से 95,629 पास हुई।